भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2060
(11 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)

पीएमजीएसवाई के अंतर्गत सड़कें और पुल

2060. डॉ. बच्छाव शोभा दिनेश:
क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे और चौथे चरण के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है और इस योजना के अंतर्गत राज्यवार और जिलावार , विशेषकर महाराष्ट्र के संदर्भ में, सड़कों का समग्र प्रतिशत क्या है;

(ख) महाराष्ट्र के धुले लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितनी सड़कें और पुल अनुमोदनार्थ विभाग के पास लंबित हैं और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या सरकार ने पीएमजीएसवाई-।।। की मार्च, 2025 की अंतिम तिथि को प्राप्त करना सुनिश्चित करने के लिए कोई उपाय किए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(श्री कमलेश पासवान)

(क) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई)- III के अंतर्गत लक्षित लंबाई के 1,25,000 किलोमीटर में से, कुल 1,21,957 किलोमीटर सड़क लंबाई स्वीकृत की गई है और दिनांक 6 मार्च, 2025 की स्थिति के अनुसार, देश भर में 90,872 किलोमीटर (75%) सड़क लंबाई का निर्माण हो चुका है। कुल 29,950 किलोमीटर (स्वीकृत लंबाई का 25%) वर्तमान में निर्माण के विभिन्न चरणों में है। पीएमजीएसवाई- III के अंतर्गत शेष कार्यों का राज्यवार विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पीएमजीएसवाई III के तहत स्वीकृत , पूर्ण हो चुके और निर्माण के लिए लंबित कार्यों का जिलावार विवरण **ommas.nic.in->Progress Monitoring->State MPR Abstract Report पर देखा जा सकता है।**

हाल ही में, भारत सरकार ने सितंबर 2024 में पीएमजीएसवाई के चरण IV को अनुमोदन प्रदान किया ताकि 2011 की जनगणना के अनुसार मैदानी इलाकों में 500+, पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 250+, विशेष श्रेणी क्षेत्रों (आदिवासी अनुसूची V, आकांक्षी जिले/ब्लॉक, रेगिस्तानी क्षेत्र) में 250+ और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों में 100+ आबादी वाली 25,000 संपर्कविहीन बसावटों को बारहमासी संपर्कता प्रदान की जा सके। मंत्रालय राज्य सरकारों के साथ गहनता से समन्वय कर रहा है और राज्यों द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान कर रहा है।

(ख) महाराष्ट्र राज्य के लिए पीएमजीएसवाई-I और II के तहत पहले ही पूरी पात्रता स्वीकृत की जा चुकी है। राज्य को पीएमजीएसवाई- III के तहत 6,550 किलोमीटर सड़क लंबाई आवंटित की गई है और इसमें से 6,499 किलोमीटर सड़क लंबाई राज्य को पहले ही स्वीकृत की जा चुकी है। महाराष्ट्र में धुले लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए सड़कों और पुलों के अनुमोदन के लिए मंत्रालय में कोई और प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ग) और (घ) पीएमजीएसवाई- I, II, III और आरसीपीएलडब्ल्यूईए कार्यों को पूरा करने की समय-सीमा मार्च, 2025 है। पीएमजीएसवाई के तहत ग्रामीण सड़कों के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा क्षेत्रीय समीक्षा बैठकों (आरआरएम), निष्पादन समीक्षा समिति (पीआरसी) बैठकों और राज्यों के साथ पूर्व-अधिकार प्राप्त/अधिकार प्राप्त समिति की बैठकों के माध्यम से नियमित रूप से की जाती है ताकि पीएमजीएसवाई- ।।। की दी गई समय-सीमा के अनुसार कार्यों को पूरा किया जा सके। उपरोक्त के अलावा , ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव/अपर सचिव/संयुक्त सचिव द्वारा राज्यों के मुख्य सचिवों/प्रधान सचिवों के साथ रखरखाव पहलुओं सहित योजना की प्रगति का जायजा लेने के लिए विशेष समीक्षा बैठकें/मासिक समीक्षा बैठकें भी आयोजित की जाती हैं।

*****

अनुबंध-I

लोक सभा में दिनांक 11.03.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2060 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

क्र.सं.	राज्यों के नाम	दिनांक 7.03.2025 की स्थिति के अनुसार पीएमजीएसवाई-III के अंतर्गत शेष कार्य		
		सड़क कार्यों की संख्या	सड़क की लंबाई (किमी में)	पुलों की संख्या
1	अंडमान और निकोबार	32	200	0
2	आंध्र प्रदेश	114	858	71
3	अरुणाचल प्रदेश	158	1,141	63
4	असम	156	759	51
5	बिहार	220	1,406	456
6	छत्तीसगढ	0	0	51
7	गोवा	10	63	2
8	गुजरात	26	153	174
9	हरियाणा	4	6	0
10	हिमाचल प्रदेश	285	2,775	22
11	जम्मू एवं कश्मीर	87	477	64
12	झारखंड	289	1,998	131
13	कर्नाटक	51	123	7
14	केरल	211	921	11
15	लद्दाख	53	429	0
16	मध्य प्रदेश	143	423	288
17	महाराष्ट्र	581	2,688	223
18	मणिपुर	56	502	0
19	मेघालय	131	1,011	55
20	मिजोरम	17	423	0
21	नागालैंड	45	563	0
22	ओडिशा	334	1,024	72
23	पंजाब	152	1,288	20
24	राजस्थान	50	196	20
25	सिक्किम	45	271	20
26	तमिलनाडु	656	2,519	60
27	तेलंगाना	182	766	100
28	त्रिपुरा	94	688	6
29	उत्तर प्रदेश	249	1,148	0

क्र.सं.	राज्यों के नाम	दिनांक 7.03.2025 की स्थिति के अनुसार पीएमजीएसवाई-III के अंतर्गत शेष कार्य		
		सड़क कार्यों की संख्या	सड़क की लंबाई (किमी में)	पुलों की संख्या
30	उत्तराखंड	186	1,585	0
31	पश्चिम बंगाल	473	3,545	6
कुल		**5,090**	**29,950**	**1,973**